# 52

# SSC GD 2024

## DATE : 30-03-2024

## (SHIFT- 9:00 am to 10:00 am)

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कोन-सा/कोन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन

I. कुछ पेड़, फूल है।

II. कोई फूल, लाल नहीं है।

निष्कर्ष:

I. सभी पेड़, लाल है।

II. सभी लाल, फूल है।

III. कुछ पेड़, लाल नहीं है

(1) सभी निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करते है।

(2) केवल निष्कर्ष II कथनों का अनुसरण करता है।

(3) केवल निष्कर्ष III कथनों का अनुसरण करता है।

(4) निष्कर्ष II और III दोनों कथनों का अनुसरण करते है।

**2.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा शब्द तीसरे शब्द से संबंधित है, और दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

बिहार : पटना :: झारखंड : रांची :: राजस्थान: ?

(1) उदयपुर (2) मणिपुर

(3) जयपुर (4)जोधपुर

**3.** दिए गए दो चिन्हों को आपस में बदलने के बाद समीकरण (I) और (II) का क्रमशः मान कितना होगा?

× और –

I. $7 \times 8 - 6 + 15 \div 3$

II. $8 - 9 \times 2 + 45 \div 5$

(1) 84 और 42 (2) 56 और 18

(3) -8 और 10 (4) -36 और 79

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न (?) के स्थान पर आएगी?

12, 24, 48, 96, 192, ?

(1) 318 (2) 280

(3) 384 (4) 222

**5.** सात लड़के P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। V, R के दाई ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। U, R के ठीक बाईं ओर बैठा है। P, T के दाई ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। S और T, Q के निकटतम पड़ोसी हैं। Q के ठीक दाई ओर कौन बैठा है?

(1) S (2) U (3) T (4) R

**6.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा शब्द तीसरे शब्द से संबंधित है और दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

सृजन : विध्वंस्त : बांटना : जोडना महत्वपूर्ण : ?

(1) उद्देशपूर्ण (2) आवश्यक

(3) अप्रासंगिक (4) अत्यावश्य

**7.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

990, 962, 934, 906, 878, ?

(1) 854 (2) 860 (3) 840 (4) 850


**8.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. LOST 2. LIST
3. LIKE 4. LONG
5. LATE

(1) 5,1,2,3,4 (2) 5,2,1,4,3


(3) 5,3,2,4,1 (4) 5,4,1,2,3



**9.** नीचे एक ही पासे की चार अलग-अलग स्थितियां दी गई हैं। अक्षर 'c' के विपरीत कौन-सा अक्षर होगा।






(1) g (2) e (3) f (4) d


**10.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।








(1)  (2) 

(3)  (4) 


**11.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**12.** नीचे एक पासे की दो स्थितियां दी गई हैं। '6' वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या आएगा?



(1) P (2) $

(3) 2 (4) 1

**13.** एक निश्चित कूट भाषा में 'WHISTLE' को 'VGHRSKD' लिखा जाता है और 'FLUTE' को 'EKTSD' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में TRUMPET' को कैसे लिखा जाएगा

(1) SQLTODS (2) SQLODTS

(3) SQTLDOS (4) SQTLODS

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
G, J, M, P, ?
(1) M (2) S
(3) T (4) R


**15.** निम्नलिखित में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाई से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?
Imnopl_noplmn_plmnopl_n oplmn_p
(1) moom (2) mmon
(3) popm (4) momo

**16.** छः विद्यार्थी सारा, टॉम, लिली, जॉन, माइक और एम्मा, एक घेरा बनाकर, केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। जॉन, लिली के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर तथा सारा और टॉम के बीच में बैठा है है। टॉम, माइक का पड़ोसी नहीं है। सारा, माइक के ठीक बाईं ओर बैठी है। एम्मा के ठीक दाईं ओर कौन बेठा/बैठी है?
(1) जॉन (2) सारा
(3) माइक (4) टॉम

**17.** 'A × B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'
'A + B' का अर्थ है 'A, B की मां है'
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का बेटा है'
'A - B' का अर्थ है 'A, B की बेटी है'
व्यंजक 'A ÷ B+C×D' में A का D से क्या संबंध है?
(1) बेटा (2) पिता
(3) भाई (4) पिता का भाई

**18.** यदि 10 @ 70 * 60 # 90 = 4300 और 105 @ 70 * 30 # 85 = 2290 है, तो 80 @ 40 * 50 # 60 = ?
(1) 2160 (2) 2140
(3) 2190 (4) 2100

**19.** नीचे दर्शाए गए अनुसार एक कागज को मोड़कर काटा जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा




**20.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOUD' को 'IKRZ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PALE' को कैसे लिखा जाएगा
(1) MVIA (2) MWIB
(3) MWIA (4) MWJA

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** _____की साक्षरता दर में असम शामिल नहीं है, जहां जनगणना नहीं की जा सकी थी।
(1) 1981 (2) 1951
(3) 1961 (4) 1971

**22.** अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार, काला धन, आतंकवाद और नकली मुद्रा के प्रसार की समस्या से निपटान के लिए नोटबंदी भारत सरकार द्वारा _____ में चलाई गई एक नई पहल थी।
(1) नवंबर 2016 (2) अक्टूबर 2017
(3) अक्टूबर 2016 (4) नवंबर 2017

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा उत्सव गुजरात का एक उत्सव नहीं है?
(1) कच्छ उत्सव
(2) सनबर्न महोत्सव
(3) पैराग्लाइडिंग महोत्सव
(4) उत्तरायण पतंग उत्सव

**24.** राष्ट्रीय खेल 2023 में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतियोगिता खेली गई थी
I. नौकायन (Rowing)
II. रोलबॉल (Rollball)
(1) न तो I और न ही II
(2) केवल I
(3) केवल II
(4) I और II दोनों

**25.** गोपिका वर्मा को _____ में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2018 से सम्मानित किया गया
(1) कथक (2) कुचिपुड़ी
(3) ओडिसी (4) मोहिनीअट्टम

**26.** भारतीय खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेला जाता है
(1) क्रिकेट (2) हॉकी
(3) बैडमिंटन (4) टेबल टेनिस

**27.** मेजर ध्यानचंद _____ के खेल में एक जाना-माना नाम है
(1) टेनिस (2) क्रिकेट
(3) फुटबॉल (4) हॉकी

**28.** सितंबर 2023 में, विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (Indian Green Building Council-IGBC) द्वारा उच्चतम प्लेटिनम रेटिंग के साथ _______ प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।
(1) सबसे स्वच्छ रेलवे स्टेशन
(2) सौर रेलवे स्टेशन
(3) हरित रेलवे स्टेशन
(4) सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन

**29.** निम्नलिखित में से किस राज्य की सरकार ने, राज्य भर में यात्रियों और वस्तुओं के लिए एक सकल, किफायती और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने के उद्देश्य से लोकेशन एक्सेसिबल मल्टी-मॉडल इनिशिएटिव (Location Accessible Multi-modal Initiative - LAccMI)' स्कीम को मंजूरी दी है?
(1) महाराष्ट्र (2) ओडिशा
(3) पश्चिम बंगाल (4) मध्यप्रदेश

**30.** भारत में हरित क्रांति (Green Revolution) मुख्य रूप से _____ के उत्पादन के सुधार पर केंद्रित थी।
(1) कपास और मक्का
(2) गेहूं और मक्का
(3) धान और कपास
(4) गेहूं और धान

**31.** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के चुनाव आयोग से संबंधित है?
(1) अनुच्छेद 324 (2) अनुच्छेद 322
(3) अनुच्छेद 323 (4) अनुच्छेद 321

**32.** भारत में हरित क्रांति के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. भारत में हरित क्रांति उस अवधि को संदर्भित करती है जब भारतीय कृषि आधुनिक तरीकों और प्रौद्योगिकी जैसे कि HYV बीजों, ट्रेक्टरों, सिंचाई सुविधाओं, कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग के कारण एक औद्योगिक प्रणाली में परिवर्तित हो गई थी।
B. इसे अमेरिका और भारत सरकार तथा फोर्ड और रॉकफेलर फाउंडेशन (Rockefeller Foundation) द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
सही कथन/कथनों को पहचानिए।
(1) A और B दोनों
(2) केवल B
(3) केवल A
(4) न तो A और न ही B

**33.** निम्नलिखित में से कौन वह पहले/पहली भारतीय गायक/गायिका है, जिन्होंने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल (Royal Albert Hall) में प्रस्तुति दी है?
(1) के. जे. येसुदास (2) लता मंगेशकर
(3) आशा भोसले (4) ए. आर. रहमान

**34.** प्रसिद्ध कृति 'अर्थशास्त्र' का श्रेय निम्नलिखित में से किस प्राचीन भारतीय विद्वान और रणनीतिकार को जाता है?
(1) कालिदास (2) चाणक्य
(3) वाल्मिकी (4) पाणिनी

**35.** निम्नलिखित में से किसका संबंध संगीत वाद्ययंत्र सारंगी से नहीं है
(1) रामेश मिश्रा (2) निखिल बनर्जी
(3) उस्ताद बिंद खान (4) शकूर खान

**36.** आधुनिक आवर्त सारणी में 18 ऊर्ध्व स्तंभ हैं जिन्हें 'समूह' कहा जाता है और ______ क्षैतिज पंक्तियां होती हैं, जिन्हें 'आवर्त' कहा जाता है।
(1) 7 (2) 6 (3) 12 (4) 8

**37.** जब कोई व्यक्ति, बिना कोई दूसरी नौकरी ढूंढे, एक नौकरी छोड़ देता है (या तो स्वेच्छा से या अनिच्छा से), तो वह ______ से गुजर रहा होता है।
(1) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(2) मौसमी बेरोजगारी
(3) चक्रीय बेरोजगारी
(4) घर्षणात्मक बेरोजगार

**38.** लाहो नृत्य शैली का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(1) अरुणाचल प्रदेश (2) मेघालय
(3) मणिपुर (4) महाराष्ट्र

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार 25 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है?
(1) क्रिसमस (2) होली
(3) ईद (4) दिवाली

**40.** जून 2023 में, सूरीनाम गणराज्य में ग्रेड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार (Grand Order of the Chain of Yellow Star) प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कौन बना?
(1) अमित शाह (2) राजनाथ सिंह
(3) द्रौपदी मुर्मू (4) नरेंद्र मोदी

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** अमर, समर और उमेश मिलकर एक किताब को 15 दिनों में पूरा पढ़ सकते हैं। अमर और समर मिलकर उसी किताब को 30 दिनों में पूरा पढ़ सकते हैं। उमेश अकेले उसी किताब को कितने दिनों में पूरा पढ़ सकता है?
(1) 30 दिन (2) 35 दिन
(3) 60 दिन (4) 40 दिन

**42.** एक व्यक्ति को 85 रुपए में 50 जूते बेचने पर 15 प्रतिशत की हानि होती है। 35 प्रतिशत का लाभ अर्जित के लिए 50 जूतों का विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?
(1) 110 रुपए (2) 115 रुपए
(3) 135 रुपए (4) 120 रुपए

**43.** एक दुकानदार अपने सामान पर 20% अधिक मूल्य अंकित करने के बाद उसे 12% लाभ पर बेचता है। छूट प्रतिशत कितना है?
(1) 4.55% (2) 5.5%
(3) 7.2% (4) 6.66%

**44.** नीरज, धीरज से 4 गुना अधिक कुशल है और वे साथ मिलकर एक काम को 44 दिनों में पूरा करते हैं। नीरज को अकेले उसी काम को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?
(1) 80 दिन (2) 70 दिन
(3) 65 दिन (4) 55 दिन

**45.** 7200 रुपए को P, Q और R के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि P के हिस्से का 6 गुना, Q के हिस्से के 2 गुना के बराबर है जो कि R के हिस्से के 3 गुना के बराबर है। Q का हिस्सा कितना है?
(1) 1200 रुपए (2) 3600 रुपए
(3) 4800 रुपए (4) 2400 रुपए

**46.** यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य उसके विक्रय मूल्य का 80 प्रतिशत है, तो लाभ प्रतिशत कितना है?
(1) 20 प्रतिशत (2) 30 प्रतिशत
(3) 35 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**47.** यदि किसी वस्तु का अंकित मूल्य 2500 रुपए और विक्रय मूल्य 1800 रुपए है, तो वस्तु पर छूट कितनी है?
(1) 700 (2) 850
(3) 500 (4) 750

**48.** दो लड़के 540 मीटर लंबे पुल के विपरीत छोरों पर खड़े हैं। यदि वे एक ही समय पर क्रमश: 18 मीटर/मिनट और 12 मीटर/मिनट की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं, तो वे कितने समय में एक-दूसरे से मिलेंगे?
(1) 14 मिनट (2) 18 मिनट
(3) 32 मिनट (4) 26 मिनट

**49.** जब किसी संख्या में क्रमिक रूप से 15 प्रतिशत, 80 प्रतिशत और 44 प्रतिशत की कमी की जाती है, तो वह 19992 हो जाती है। वह संख्या क्या है?
(1) 210100 (2) 220000
(3) 210000 (4) 211000

**50.** $2 \times (4 + 6) - 5$ की गणना कीजिए।
(1) 15 (2) 18 (3) 16 (4) 14

**51.** किस वार्षिक ब्याज दर पर साधारण ब्याज पर एक धनराशि 5 वर्ष में तीन गुना हो जाएगी?
(1) 40% (2) 30%
(3) 45% (4) 34%

**52.** $[(36-12)\div6] + [98-21\div3\times2]$ का मान ज्ञात कीजिए।
(1) 102 (2) 73
(3) 96 (4) 88

**53.** किसी धनराशि पर 30 प्रतिशत वार्षिक की दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर 5400 रुपए है। वह धनराशि कितनी है?
(1) 68000 रुपए (2) 70000 रुपए
(3) 60000 रुपए (4) 65000 रुपए

**54.** $4\ (12 - 10 \div 42 - 17) \div 3 + 4$ का मान कितना है?
(1) 60 (2) 40
(3) 30 (4) 50

**55.** 7 संख्याओं के एक समुच्चय का औसत 18 है। यदि एक संख्या हटा दी जाए, तो शेष संख्याओं का औसत 15 रह जाता है। हटाई गई संख्या का मान कितना है?
(1) 33 (2) 36
(3) 31 (4) 34

**56.** 38 कलम का औसत मूल्य 25 रुपए है। यदि 8 नए कलम इसमें शामिल कर लिए जाएं, तो औसत मूल्य में 4 रुपए की वृद्धि हो जाती है। 8 नए कलम का कुल मूल्य कितना है?
(1) 450 रुपए (2) 411 रुपए
(3) 325 रुपए (4) 384 रुपए

**57.** [81 of $(44 - 11 + 2) \div (44 \div 22 + 5)$] का मान कितना है?
(1) 405 (2) 162
(3) 81 (4) 324

**58.** यदि एक घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 600 $cm^2$ है, तो घन का आयतन कितना है?
(1) 1728 $cm^3$ (2) 900 $cm^3$
(3) 750 $cm^3$ (4) 1000 $cm^3$

**59.** 1 kg चीनी की कीमत में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वृद्धि 51 रुपए की है। प्रति किलोग्राम चीनी की नई कीमत क्या है?
(1) 130 रुपए (2) 150 रुपए
(3) 120 रुपए (4) 201 रुपए

**60.** यदि $(5t + 3u) : (5t - 3u) = 5:3$ है, तो $t : u$ का मान कितना होगा?
(1) 6 : 7 (2) 8 : 7
(3) 4 : 5 (4) 12 : 5

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the most appropriate option for the given blank.
I want you to check if I have ______ an order or not.
(1) sited (2) pushed
(3) placed (4) made

**62.** Choose the correct word to complete the sentence:
The pianist's _____________ performance left the audience spellbound, each note conveying a range of emotions.
(1) riveting
(2) stagnant
(3) jarring
(4) controversial

**63.** Fill in the blank with the most appropriate option.
Calpurnia scratched in her handbag and brought a battered leather coin purse.
(1) fourth (2) forth
(3) four (4) fore

**64.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase.
All along
(1) All the time; from the beginning
(2) People in unity
(3) At the desired place
(4) Everywhere

**65.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
_______ is not an option for me.
I have to succeed at any cost.
(1) Loser (2) Failhood
(3) Failed (4) Failure

**66.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error".
Sometimes it's well to break a goal down into subgoals.
(1) down into subgoals.
(2) Sometimes it's well
(3) No error
(4) to break a goal

**67.** Choose the word that means the same as the given word.
Hinder
(1) Stare (2) Impede
(3) Sore (4) Aid

**68.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
When we reach home after travelling for weaks, the home is the same, but something in our minds has changed, and that changes everything.
(1) changed
(2) everything
(3) weaks
(4) travelling

**69.** Improve the underlined part of the sentence. Choose "No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.
A healthy person usually does <u>not suffering from</u> the disease.
(1) not suffers with
(2) No improvement
(3) not suffer from
(4) not suffered from

**70.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error'.
Their position in the market is more stronger than yours.
(1) than yours
(2) No error
(3) market is more stronger
(4) Their position in the

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error'
Much of the world lived in countries that impose controls on what can and cannot be said about their governments online.
(1) that impose controls on what can and
(2) Much of the world lived in countries
(3) No error
(4) cannot be said about their governments online

**72.** Select the most appropriate option for the given blank.
Clouds of volcanic ash _____ menacingly overhead.
(1) loomed
(2) has been loomed
(3) looming
(4) had loom

**73.** Choose the idioms phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
Driving fast on this bad road is **likely to create problem**.
(1) Asking for trouble
(2) Put off
(3) In seventh heaven
(4) Beat around the bush

**74.** Choose the option which is antonym of (opposite of) the word "dissonance" in the sentence given below,
After hours of negotiations, they finally reached a mutual agreement that satisfied both parties involved in the business deal.
(1) mutual (2) negotiations
(3) deal (4) agreement

**75.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) It may not ever be relised for such a complex disease.
(2) It may not ever be realised for such a complex diseaze.
(3) It may not ever be realised for such a complax disease.
(4) It may not ever be realised for such a complex disease.

**Directions (76-80) :** In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

There (1) _____ never many girls at all at the football games. Only seniors were allowed to bring (2) _______ with them. It was a terrible school, no matter how you (3) ______ at it. I like to be somewhere at least where you can see a few girls around (4)________, even if they're only scratching their arms or (5) _______their noses or even just giggling or something.

**76.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 1.
(1) Where (2) were
(3) are (4) was

**77.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 2.
(1) parents (2) kids
(3) girls (4) boys

**78.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 3.
(1) looked (2) see
(3) glanced (4) observed

**79.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 4.
(1) Once in a while
(2) mostly
(3) rarely
(4) all the time

**80.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 5.
(1) drying (2) blowing
(3) clinching (4) banging

## PART (D) : हिन्दी

**61.** दिए गए वाक्य में उचित पर्यायवाची शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
_______ (सम्भवत:) वह कल नहीं आएगा।
(1) उपयुक्त (2) शायद
(3) उत्तम (4) गण

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
किसी सूरत में
(1) सत्यवादी होना
(2) हर हाल में
(3) सत्य पर दृढ़ होना
(4) खास चेहरा

**63.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है। किसी भी देश का (उत्थान) _______ वहाँ की जनता के कार्य से होता है।
(1) उपमा (2) पतन
(3) उपहास (4) तरक्की

**64.** निम्नलिखित बाक्य में, उस बाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं हैं' का चुनाब कीजिए।
हमारे सैनिक इतने वीर हैं की मृत्यु के सामने भी नहीं घबराते।
(1) हमारे सैनिक
(2) कोई त्रुटि नहीं है।
(3) इतने वीर हैं की
(4) मृत्यु के सामने भी नहीं घबराते।

**65.** निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियों हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।
सहिष्णुता उन लोगों का अभिन्न गुण है। जो बिभिन्न समूहों को होते हुये पर एक-दूसरे से सम्मानपूर्वक और समझदारी से जुड़े हुये हैं।
(1) सम्मानपूर्वक और समझदारी से जुड़े हुये हैं
(2) सहिष्णुता उन लोगों का अभिन्न गुण हैं
(3) कोई त्रुटि नहीं है
(4) जो विभिन्न समूहों को होते हुये पर एक-दूसरे से

**66.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
जब बाजार में एक जैसी अनेक वस्तु होती है, तो उनकी माँग को बढ़ाने का उपाय विज्ञापन है।
(1) तो उनकी माँग को बढ़ाने
(2) जब बाजार में एक जैसी
(3) का उपाय विज्ञापन है।
(4) अनेक वस्तु होती हैं,

**67.** निम्नलिखित प्रश्न मे, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
तिनके का सहारा होना
(1) बुरे व्यक्ति का मदद की बात कहना
(2) जहाँ कुछ न हो वहाँ थोड़ी सी भी मदद मिल जाना
(3) किसी भिखारी के मदद करने की बात कहना
(4) किसी की उदार बातों का मजाक बनाना

**68.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
<u>एक चाय का प्याला</u> ले आओ।
(1) एक चाय की प्याला ले आओ।
(2) चाय का एक प्याला ले आओ।
(3) एक चाय प्याला ले आओ।
(4) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

**69.** दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। पुलिस को कुछ ______ मिले हैं।
(1) सौगात (2) लफंगा
(3) आका (4) सुराग

**70.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करे जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
मेरे गाँव के खेत में चावल की (फसल) ______ बहुत ज्यादा होती है।
(1) खंग (2) आखु
(3) खिरमन (4) खसीस

**71.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है। मुझे घर में मक्खी-मच्छरों को देखकर बहुत ही (घिन) ______ सी आती है।
(1) मजा (2) अब्ज (3) घृणा (4) गंदगी

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।
हमारे घर की बहुल सी बस्तुएं (जंगम) ______ अवस्था में रहती है।
(1) अनजान (2) लोभी
(3) शोषण (4) स्थावर

**73.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>हवन में जलाई जाने वाली लकड़ियाँ</u> गीली हैं।
(1) समिधा (2) ज्वाला
(3) दिगम्बर (4) बड़वाग्नि

**74.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
अंडे से जन्म हुआ
(1) अजय (2) अण्डज
(3) स्तनपायी (4) अविनाशी

**75.** दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।
(1) मेरा और उसका घोर संबंध है।
(2) मेरा और उसका घेर संबंध है।
(3) मेरा और उसका घना संबंध है।
(4) मेरा और उसका घनिष्ठ संबंध है।

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।

बसंत पंचमी का दिन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के आरम्भ के लिए बहुत ही ज्यादा ____माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन से शिक्षा प्रारंभ होने से बच्चे जानवान बनते हैं और _____ होती है। बच्चों के अन्नप्राशन के लिए भी यह दिन बहुत शुभ होता है। गृह प्रवेश और नए कार्य

भी इसी दिन से शुरू किये जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार जब सृष्टि की रचना की गई तब उस समय वातावरण में नीरसता, उदासी थी। ऐसा लग रहा था मानो किसी की वाणी नहीं है, सभी _____ हैं। भगवन विष्णु को यह देखकर अच्छा नहीं लगा, फिर उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़का, जल कणों के छिडकते ही पेड़ो से एक शक्ति उत्पन्न हुई, जो अपने दोनों हाथों से वीणा बजा रही थी। साथ ही एस देवी के हाथों में पुस्तक और मोती की माला थी। इस देवी ने ही समस्त _____ को वाणी प्रदान की। जिसके बाद से ही इन्हें सरस्वती कहा गया। यह देवी विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री हैं, इसलिए इन्हें ___ भी कहा जाता है।

**76.** बसंत पंचमी का दिन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के आरम्भ के लिए बहुत ही ज्यादा _____ माना जाता है।
(1) अनजान
(2) अशुभ
(3) शुभ
(4) आसान

**77.** माना जाता है कि इस दिन से शिक्षा प्रारंभ होने से बच्चे ज्ञानवान बनते हैं और _____ होती है।
(1) खानपान
(2) अज्ञानी
(3) शक्ति क्षीण
(4) बुद्धि तीव्र

**78.** ऐसा लग रहा था मानो किसी की वाणी नहीं हैं, सभी ____ हैं।
(1) बहुत बोलते
(2) मूक
(3) बड़बोले
(4) अचूक

**79.** इस देवी ने भी समस्त ________ को वाणी प्रदान की।
(1) जानवरों (2) प्राणियों
(3) देवों (4) प्रकृति

**80.** यह देवी विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री हैं, इसलिए इन्हें ________ भी कहा जाता है।
(1) विद्यादायिनी (2) देवी
(3) माता (4) लक्ष्मी

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (3) | 3. (4) | 4. (3) | 5. (3) | 6. (3) | 7. (4) | 8. (3) | 9. (3) | 10. (3) |
| 11. (1) | 12. (3) | 13. (4) | 14. (2) | 15. (4) | 16. (4) | 17. (4) | 18. (2) | 19. (3) | 20. (3) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (1) | 22. (1) | 23. (2) | 24. (4) | 25. (4) | 26. (3) | 27. (4) | 28. (3) | 29. (2) | 30. (4) |
| 31. (1) | 32. (1) | 33. (2) | 34. (2) | 35. (2) | 36. (1) | 37. (4) | 38. (2) | 39. (1) | 40. (3) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (1) | 42. (3) | 43. (4) | 44. (4) | 45. (2) | 46. (4) | 47. (1) | 48. (2) | 49. (3) | 50. (1) |
| 51. (1) | 52. (4) | 53. (3) | 54. (2) | 55. (2) | 56. (4) | 57. (1) | 58. (4) | 59. (4) | 60. (4) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (1) | 63. (2) | 64. (1) | 65. (4) | 66. (2) | 67. (2) | 68. (3) | 69. (3) | 70. (3) |
| 71. (2) | 72. (1) | 73. (1) | 74. (4) | 75. (4) | 76. (2) | 77. (3) | 78. (1) | 79. (1) | 80. (2) |


### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (2) | 63. (2) | 64. (3) | 65. (4) | 66. (4) | 67. (2) | 68. (2) | 69. (4) | 70. (3) |
| 71. (3) | 72. (4) | 73. (1) | 74. (2) | 75. (4) | 76. (3) | 77. (4) | 78. (2) | 79. (2) | 80. (1) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (3)**





**2. (3)**

**3. (4)** I. 7 × 8 – 6 + 15 ÷ 3
× और – को आपस में बदलने पर
7 – 8 × 6 + 15 ÷ 3
7 – 48 + 5 = –36
II. 8 – 9 × 2 + 45 ÷ 5
× और – को आपस में बदलने पर
8 × 9 – 2 + 45 ÷ 5
72 – 2 + 9 = 79

**4. (3)** 12, 24, 48, 96, 192, [384]
×2 ×2 ×2 ×2 ×2

**5. (3)**




Q के ठीक दाईं ओर T बैठा है।


**7. (4)** 990, 962, 934, 906, 878, [850]
–28 –28 –28 –28 –28

**13. (4)** W H I S T L E
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
–1 –1 –1 –1 –1 –1 –1
V G H R S K D
F L U T E
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
–1 –1 –1 –1 –1
E K T S D
इसी प्रकार
T R U M P E T
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
–1 –1 –1 –1 –1 –1 –1
S Q T L O D S

**14. (2)** G, J, M, P, S
+3 +3 +3 +3


**15. (4)**

**16. (4)**




एम्मा के ठीक दाईं ओर टाम बैठा है।

**17. (4)**




पिता का भाई

**18. (2)**

@ = +
* = × } लेने पर
# = +

10 @ 70 * 60 # 90 = 4300
10 + 70 × 60 + 90 = 4300
10 + 4200 + 90 = 4300
4300 = 4300

---

105 @ 70 * 30 # 85 = 2290
105 + 70 × 30 + 85 = 2290
105 + 2100 + 85 = 2290
2290 = 2290

---

80 @ 40 * 50 # 60 = 2140
80 + 40 × 50 + 60 = 2140
80 + 2000 + 60 = 2140
2140 = 2140

**19. (3)**

**20. (3)**

L O U D
-3↓ -4↓ -3↓ -4↓
I K R Z

इसी प्रकार

P A L E
-3↓ -4↓ -3↓ -4↓
M W I A

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (1)**

**22. (1)** नोटबन्दी या विमुद्रीकरण– 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा किया 500 और 1000 के नोट अब वैध मुद्रा के रुप में नही होगें। इस प्रकार 500 और 2000 की नोट नये नोट जारी कर दिये गये।

**23. (2)** सनबर्न महोत्सव– यह गोवा में मनाया जाने वाला वार्षिक त्योहार है। विशेषत: यह 28 दिसंबर से 30 दिसंबर के मध्य मनाया जाता है।

**25. (4)** गोपिका वर्मा प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यागना है। उन्हें नृत्य के क्षेत्र में योगदान हेतु 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मनित किया गया।

**26. (3)**

| **खेल** | | **खिलाड़ी** |
|---|---|---|
| क्रिकेट | – | मयंक अग्रवाल |
| हॉकी | – | रानीराम पाल |
| बैडमिंटन | – | ज्वालागुट्टा |
| टेबल टेनिस | – | मानव ठक्कर |

**27. (4)** मेजर ध्यान चन्द भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी थे। भारत सरकार ने 29 अगस्त को खेल दिवस के रुप में, इनके जन्म दिन के अवसर पर मनाना प्रारंभ किया। 2019 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार घोषित कर दिया।

**31. (1)**

| **अनुच्छेद** | **विषय** |
|---|---|
| 321 | लोक सेवा आयोग की शक्ति में वृद्धि |
| 322 | – लोक सेवा आयोग के व्यय |
| 323 | – लोक सेवा आयोग की रिपोर्ट |
| 324 | – चुनाव आयोग |

**32. (1)**

**33. (2)** स्वर कोकिला लता मंगेशकर 1974 में रायल अल्बर्ट हॉल लन्दन में ऐतिहासिक प्रस्तुति दी। ऐसा करने वालीं वह पहली महिला कलाकार बनीं।

**34. (2)**

| **लेखक** | **पुस्तकें** |
|---|---|
| कालिदास | – अभिज्ञान शाकुन्तलम |
| चाणक्य | – अर्थशास्त्र |
| वाल्मिकी | – रामायण |
| पाणिनी | – चौदह माहेश्वर सूत्र, अष्टाध्यायी |

**35. (2)** निखिल बनर्जी प्रसिद्ध सितार वादक हैं।

**38. (2)**


| **नृत्य** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| मोपिन | – | अरुणाचल प्रदेश |
| वांगला | – | मेघालय |
| थबल चोंगबा | – | मणिपुर |
| कोली नृत्य | – | महाराष्ट्र |

**39. (1)** क्रिसमस– यह ईसाइयों द्वारा मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है। यह ईसा मसीह जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। 25 दिसंबर को यह पूरे विश्व में मनाया जाता है।

**40. (3)** द ग्रैण्ड आर्डर ऑफ द चैन ऑफ द येलो स्टार सूरीनाम गणराज्य द्वारा राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू को दिया गया था।

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (1)** प्रश्नानुसार,





समर की क्षमता = 2 – 1 = 1


समर द्वारा लिया गया समय = $\frac{30}{1}$

= 30 दिन

**42. (3)** प्रश्नानुसार,




**43. (4)** प्रश्नानुसार,




∴ छूट% = $\frac{8}{120} \times 100$ = 6.66%

**44. (4)** प्रश्नानुसार,

नीरज : धीरज

4 : 1 ⇒ 5×44 = 220 काम

∴ $\frac{220}{4}$ = 55दिन

**45. (2)** प्रश्नानुसार,

6P = 2Q = 3R = k

⇒ P : Q : R

$\frac{K}{6} : \frac{K}{2} : \frac{K}{3}$ ⇒ K : 3K : 2K

∴ K + 3K + 2K = 7200

⇒ 6K = 7200 ⇒ K = 1200

∴ Q=3K=3×1200=3600


**46. (4)** प्रश्नानुसार

क्रय = $\frac{80}{100}$ विक्रय

⇒ $\frac{\text{क्रय}}{\text{विक्रय}} = \frac{80}{100}$ ) 20

∴ लाभ% = $\frac{20}{80} \times 100$ =25%

**47. (1)** प्रश्नानुसार,




∴ छूट = 700

**48. (2)** समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

प्रश्नानुसार,

⇒ समय = $\frac{540}{18+12} = \frac{540}{30}$ ⇒ 18 मिनट

**49. (3)** प्रश्नानुसार,

$100 \xrightarrow[=-15]{-15\%} 85 \xrightarrow[=-68]{-80\%}$

$100 \xrightarrow{\times 2100} 210000$ | $17 \xrightarrow[=-7.48]{-44\%} 9.52 \xrightarrow{\times 2100} 19992$

**50. (1)** प्रश्नानुसार,
2×(4+6)-5 = 2×10-5
= 20-5 = 15

**51. (1)** $S.I = \frac{P \times R \times T}{100}$
प्रश्नानुसार,
$2P = \frac{P \times R \times 5}{100}$
R = 40%

**52. (4)** [(36-12)÷6] + [98-21÷3×2]
प्रश्नानुसार,
⇒ [24÷6]+ [98-7×2]
⇒ 4+[98-14] = 4+84 = 88

**53. (3)** $D = P\left(\frac{R}{100}\right)^2$
प्रश्नानुसार,
$5400 = P \times \left(\frac{30}{100}\right)^2$
$5400 = \left(\frac{9}{100}\right)P \Rightarrow P = 60000$

**54. (2)** प्रश्नानुसार,
4(12-10+42-17)÷3+4
⇒ 4×27÷3+4 = 4×9+4
= 36+4 = 40

**55. (2)** औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$
प्रश्नानुसार,
⇒ कुल योग = 7×18 = 126
1 संख्या हटाने पर योग,
योग = 15×6 = 90
∴ हटाई गई संख्या =126-90 = 36

**56. (4)** औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$
प्रश्नानुसार,
38 कलम का औसत = 25
= $\frac{\text{कुल योग}}{38}$
⇒ कुल योग = 25×38 = 950
8 नए कलम आने पर औसत =
$25+4 = \frac{\text{कुल योग}}{38+8} \Rightarrow 29 = \frac{\text{योग}}{46}$
⇒ योग = 29×46 = 1334
8 कलम का योग ⇒ 1334-950
= 384रुपए

**57. (1)** [81 of (44-11+2)÷(44÷22+5)]
⇒ [81×35÷7] = 81×5 = 405

**58. (4)** घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$
घन का आयतन = $a^3$
प्रश्नानुसार,
$6a^2 = 600cm^2 \Rightarrow a = 10cm$
$\therefore a^3 = (10)^3 = 1000cm^3$

**59. (4)** प्रश्नानुसार,

$100 \xrightarrow[=+34]{34\%} 134$

$100 \xrightarrow{\times 1.5} 150$, $34 \xrightarrow{\times 1.5} 51$, $134 \xrightarrow{\times 1.5} 201$

**60. (4)** प्रश्नानुसार,
$\frac{5t+3u}{5t-3u} = \frac{5}{3}$
⇒15t+9u = 25t-15u
24u = 10t
$\Rightarrow \frac{t}{u} = \frac{24}{10} = \frac{12}{5}$
⇒ t : u = 12 : 5

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (3)** **Placed** (रखा) means to put something in a particular position or to set it down, which is commonly used in the context of orders (e.g., placing an order).
**Sited** (स्थान)refers to the act of selecting a site for something
**Pushed** (धकेला) means to exert force on something to move it away
**Made** (बनाया)means to create or construct something

**62. (1)**
- **Riveting** (मनमोहक)means something that is extremely interesting or exciting
- **Stagnant** (अचल) means not moving or changing,
- **Jarring** (कष्टदायक) refers to something that is shocking or disturbing
- **Controversial** (विवादास्पद)means likely to cause disagreement or public debate

**63. (2)**
- **Forth** (आगे) means to bring something out or to produce something from a hidden or enclosed space, which fits perfectly in the context of Calpurnia retrieving an item from her handbag.
- **Fourth** (चौथा)refers to the ordinal number indicating position in a sequence
- **Four** (चार)is a cardinal number

**64. (1)** **All the time; from the beginning.**
**All along** (हर समय, शुरूआत से) means throughout a period of time, indicating that something has been true or has been happening from the very beginning.

**65. (4)**
- **Failure** (असफलता) refers to the lack of success in achieving something, emphasizes that failure is not acceptable for the speaker, highlighting their determination to succeed regardless of the challenges.
- **Loser** (हारने वाला) refers to a person who fails or is unsuccessful.

**66. (2)** **"Good"** is an adjective that describes a quality or state. It's often used to express approval, satisfaction, or positive evaluation. In this sentence, "good" modifies the verb "to break," suggesting that breaking a goal down into subgoals is a positive or beneficial action.
Whereas, **"Well"** can be used as an adverb to modify a verb, adjective, or another adverb. It can also be used as an adjective to describe health or condition

**67. (2)** **Hinder** (रोकना) means to obstruct or delay the progress of something. Similarly, **Impede** (रोकना) means to obstruct or delay
- **Stare** (घूरना)means to look fixedly or vacantly at someone or something with wide-open eyes

- **Sore** (दर्द)refers to physical pain or discomfort
- **Aid** (सहायता करना) means to help or assist

**68. (3)** Correct spelling is **Weeks**, which means a period of seven days

**69. (3)** not suffer from
"does" should be followed by the base form of the verb, which is **"suffer."**

**70. (3)** The comparative form of the adjective "strong" is "stronger."
Therefore, combining the comparative form ("stronger") with the word "more," is redundant.

**71. (2)** Much of the world lived in countries

**72. (1)** : "Loomed" means to appear in a large or menacing way. The past tense form is appropriate here as it describes a completed action, suggesting that the clouds appeared threateningly at some point in the past.

**73. (1)** **"Asking for trouble"** means that someone is doing something risky or dangerous that is likely to lead to problems. In this context, driving fast on a bad road is a risky action that can lead to accidents or issues, fitting the meaning perfectly.

**74. (4)** **Dissonance** (असंगति)refers to a lack of agreement or harmony, often leading to conflict or discord. While,
**Agreement** (सहमति) means a state of harmony or mutual understanding between parties, where all involved accept the terms or conditions.

- **Mutual** (आपसी) means shared by two or more parties
- **Negotiations** (बातचीत)are discussions aimed at reaching an agreement
- **Deal** (समझौता) refers to an agreement or arrangement made between parties

**75. (4)** **It may not ever be realised for such a complex disease.**
Correct spellings are:
**Realised** (समझा गया), meaning to become fully aware or to bring into reality.
**Complex** (जटिल) indicating something that is complicated or not simple.

**76. (2)** **were** (थे) means the past tense of "are," indicating the existence of many girls in the past, which fits the context perfectly.
**(1) Where** (जहाँ) refers to a place, not appropriate here.
**(3) are** (हैं) is present tense, which doesn't match the context.
**(4) was** (था) is singular and doesn't agree with "girls,

**77. (3)** **girls** (लड़कियाँ) is appropriate because it refers to the female students who are likely allowed to accompany seniors to the football games, fitting the context of the passage about the presence of girls at such events.

**78. (1)** **looked** (देखा) fits well as it suggests the action of observing something closely, suitable for the context.
**glanced** (झलक)means to look quickly
**observed** (परखना) means to watch carefully

**79. (1)** **Once in a while** (कभी-कभी) suggests occasional presence, fitting well with the context of seeing girls around.
**mostly** (अधिकतर) implies a frequent occurrence,
**rarely** (कभी-कभी) indicates infrequency
**all the time** (हर समय) suggests constant presence

**80. (2)** **blowing** (हवा का बहना)fits well because it suggests a casual action that someone might do while at a football game, like blowing their nose, which is a common and natural behaviour.
**clinching** (कसना) refers to holding something tightly
**banging** (ठोकना) means to hit something forcefully

## PART (D) : हिन्दी

**61. (2)** शायद, कदाचित, सम्भावित इत्यादि 'संभवत:' के पर्यायवाची हैं।

**62. (2)** 'किसी सूरत में' मुहावरे का अर्थ है– हर हाल में।
वाक्य प्रयोग: किसी सूरत में मुझे यह परीक्षा पास करना है।

**63. (2)** 'उत्थान' का विलोम 'पतन' है।

**64. (3)** सही वाक्य है: हमारे सैनिक इतने बीर हैं कि मृत्यु के सामने भी नही घबराते।

**65. (4)** विकल्प (4) के सही वाक्यांश निम्नलिखित है– 'जो विभिन्न समूहों के होते हुए एक दूसरे से'।

**66. (4)** शुद्ध वाक्य है: जब बाजार में एक जैसी अनेक वस्तुएँ होती हैं तो उनकी माँगा को बढ़ाने का उपाय विज्ञापन है।

**67. (2)** 'तिनके का सहारा होना' मुहावरे का सर्वश्रेष्ठ अर्थ है, जहाँ कुछ की उम्मीद न हो वहाँ थोड़ी सी मदद मिल जाना।

**68. (2)**

**69. (4)** पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं।
रिक्त स्थान पर 'सुराग' शब्द आयेगा जो विकल्प (4) में दिया है।

**70. (3)** 'फसल' के पर्यायवाची शब्द शस्य, पैदावार, उपज, खिरमन, कृषि-उत्पाद आदि हैं।

**71. (3)** 'घिन' तद्भव शब्द है इसका तत्सम शब्द 'घृणा' है।

**72. (4)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| जंगम | – | स्थावर |
| शोषण | – | पोषण |
| लोभी | – | संतोषी |

**73. (1)** 'हवन में जलाई जाने वाली लकडियाँ' गीली हैं। वाक्य में रेखांकित भाग को एक शब्द में 'समिधा' कहते हैं।

**74. (2)** 'अंडे से जन्म हुआ' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द 'अण्डज' है।

**75. (4)** शुद्ध वाक्य है- मेरा और उसका घनिष्ठ संबंध है।